





नवभारत
भोपाल, रविवार 26 अप्रैल, 2026


# गुढ़ा तालाब में डूबे तीन युवकों के शव बरामद

## रेस्क्यू आपरेशन चलाया गया, रात्रि का समय होने के कारण रेस्क्यू में बाधा न आए इसके लिए विधायक ने लाइटों की व्यवस्था कराई

नवभारत न्यूज

**सागर 25 अप्रैल. बहेरिया थाना अंतर्गत अंतर्गत गुड़ा तालाब में नहाने गए तीन युवकों की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई. जिनके शव शनिवार की सुबह बरामद कर लिए गए है. जिसके पश्चात जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कराया गया और परिजनो को सौंप दिए गए है.**



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल शुक्रवार को कैंट निवासी सात दोस्त क्रेसर खदान स्थित गुढा तालाब नहाने गए थे कि अचानक एक तालाब मे डूबने लगा तो उसको बचाने के प्रयास मे दो अन्य युवक भी तालाब मे डूब गए. जानकारी के अनुसार तेजराम पटेल (20 वर्ष), पिता लोकनाथ पटेल, निवासी कैंट (28 नंबर गेट), अभिषेक 19 वर्ष पिता विजय मलिक, निवासी बंगला नंबर 6, कैंट एवं तनिष्क 20 वर्ष पिता सुनील कोरी, निवासी कैंट तीनों युवक कैंट क्षेत्र के निवासी थे. सूचना मिलते ही विधायक प्रदीप लारिया ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन की कमान संभाली. विधायक लारिया की सक्रियता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की त्वरित संवेदनशीलता के चलते पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता की घोषणा की गई है. विधायक श्री लारिया ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलवाया. जानकारी के अनुसार रात्रि का समय होने के कारण रेस्क्यू में बाधा न आए, इसके लिए विधायक ने स्वयं मौके पर लाइटों की व्यवस्था सुनिश्चित कराई. उनकी मौजूदगी में चले सर्च ऑपरेशन के बाद मृतकों के शवों को निकालने का प्रयास जारी रहा. देर रात एक शव निकाला जा चुका है. विधायक श्री लारिया ने घटना से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को विस्तार से अवगत कराया. मुख्यमंत्री ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं. मुख्यमंत्री ने त्वरित निर्णय लेते हुए शासन की ओर से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है.

### बच्ची सहित दो की मौत

जिले के नरयावली थाना अंतर्गत सागर-बीना मार्ग पर जरुआखेड़ा के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-टक्कर हो गई. हादसे में 7 साल की मासूम बच्ची सहित एक युवक की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हो गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बाइक पर राहुल सिंह निवासी वन खिरिया (खुरई) सवार थे. दूसरी मोटरसाइकिल पर रामदास कुशवाह, सोनू कुशवाह निवासी धरमपुर और संध्या पटेल अपनी 7 वर्षीय बेटी श्रद्धा के साथ सवार थे. जरुआखेड़ा के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई. हादसे के दौरान संयोग से सागर से लौट रही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई. लेकिन मौके पर ही राहुल सिंह की मौत हो गई थी.

# सहकारी समिति के द्वारा उपार्जन कार्य शुरू न करने वाली समितियों को नोटिस जारी करें

नवभारत न्यूज

**सागर 25 अप्रैल. उपार्जन का परिवहन एवं भुगतान का कार्य समय पर करें एवं सहकारी समिति के द्वारा उपार्जन कार्य शुरू न करने वाली समितियों को नोटिस जारी करें साथ ही जिला उपार्जन समिति सदस्य प्रतिदिन पांच पांच उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें.**

उक्त निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला उपार्जन समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए. जिले में उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की सुविधा और पारदर्शी प्रक्रिया के लिए उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी.



उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और किसानों की सहूलियत को देखते हुए प्रत्येक केंद्र पर शुद्ध पेयजल, किसानों को बैठने के लिए छायादार स्थान, प्राथमिक चिकित्सा किट, शौचालय, तकनीकि सामग्री, तौलकांटा, इंटरनेट, बारदाना जैसी समस्त मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्देशित किया है कि जिले के सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों का अनिवार्य रूप निरीक्षण करें. निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्र की क्षमता, बारदाने की उपलब्धता और तौल कांटों की शुद्धता की बारीकी से जांच की जाए. उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर यह सुनिश्चित करें कि उपार्जन की प्रक्रिया सुचारू और पारदर्शी तरीके से संचालित हो रही है. उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन होते ही परिवहन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जावे. उन्होंने कहा कि बारदाने की उपलब्धता लगातार बनी रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए. इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति बघेल, रोहित बघेल सहित जिला उपार्जन समिति सदस्य मौजूद थे.

# वन विभाग कर्मचारी ने की शिकायत

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 25 अप्रैल. वन विभाग में कार्यरत कर्मचारी मुन्ना लाल दुबे ने अपनी सेवा संबंधी समस्याओं को लेकर डीएफओ को शिकायती पत्र भेजते हुये पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिलाए जाने की मांग उठाई है.**

दिए गए पत्र में मुन्ना लाल दुबे ने बताया कि उन्होंने 21 नवंबर 1986 को तत्कालीन डीएफओ ए.पी. सिंह के कहने पर अपनी रेलवे की नौकरी छोड़कर वन विभाग में रोपावनी सुरक्षा पहरी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया था. तब से वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ विभाग में सेवाएं दे रहे हैं. 16 फरवरी 1988 को वन रक्षक सूरत सिंह द्वारा उन्हें रेंजर के निर्देश पर ग्राम राख पंचमपुर से हटाकर प्रधान कार्यालय में कार्य करने के लिए भेजा गया. इसके बावजूद वर्षों से उनकी सेवा का समुचित मूल्यांकन नहीं किया गया. ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया कि शासन के समक्ष समस्या कई बार रखने के बावजूद अब तक समाधान नहीं हुआ है. दैनिक श्रमिकों का विनियमितीकरण सीधे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद पर कर दिया गया होता, तो वह पुरानी पेंशन योजना के पात्र होते है.

# युवा संगम का आयोजन

**सागर.** जिला प्रशासन द्वारा युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 27 अप्रैल को शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में प्रातः 11 बजे से किया जा रहा है. युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा.

# कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई : श्री जाटव

नवभारत न्यूज

**सागर 25 अप्रैल. बिगड़ती कानून व्यवस्था और नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं लापरवाही को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने संभागायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा.**

कानून व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस नेता सुरेंद्र सुहाने ने ज्ञापन प्रस्तुत किया, नगर निगम की समस्याओं को लेकर नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव ने ज्ञापन का वाचन किया. जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि शहर की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है. जुआ, सट्टा, अवैध शराब और कटरबाजी जैसी घटनाओं पर पुलिस नियंत्रण करने में विफल साबित हो रही है. शहर में ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है. श्री जाटव ने कहा कि शहर में निर्माण कार्य बेहद घटिया गुणवत्ता के साथ किए जा रहे हैं. इस दौरान पूर्व विधायक सुनील जैन, जगदीश यादव, राकेश राय, प्रदीप गुप्ता, सिंटू कटारे, संदीप सबलोक, शरद पुरोहित, रमाकांत यादव, राहुल चौबे, सागर साहू, हेमराज रजक, कमलेश तिवारी, आनंद हैला, शिवशंकर यादव, जितेंद्र रोहण, अशोक साहू, ताहिर खान, नीलोफर अंसारी, सुलेखा राय, रिचा सिंह, रोशनी खान आदि मौजूद थीं.



# 318 दुकानों का किराया बकाया

नवभारत न्यूज

**सागर 25 अप्रैल. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम स्वामित्व की दुकानों का किराया लंबे समय से जमा नहीं करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए.**

आयुक्त ने सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरु को बकायादार दुकानदारों को नोटिस जारी कर दुकानों का आवंटन निरस्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने को कहा है. श्री गुरु ने बताया कि नगर निगम स्वामित्व की कुल 318 दुकानों का किराया अभी तक जमा नहीं किया गया है. इनमें अवंतीबाई मार्केट मकरोनिया, महाराणा प्रताप कॉम्प्लेक्स अप्सरा टॉकीज, नया बाजार, अमर टॉकीज, निगम मार्केट तथा प्राइवेट बस स्टैंड सहित विभिन्न स्थानों पर स्थित दुकानें शामिल हैं. कई दुकानदारों द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद किराया जमा नहीं कराया गया है. उन्होंने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा ऐसे सभी दुकानदारों को अंतिम नोटिस जारी किए जा रहे हैं. नोटिस अवधि में बकाया राशि जमा नहीं करने पर संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी.

# एनसीसी ग्रुप कमांडर ने ढाना का निरीक्षण किया

नवभारत न्यूज

**सागर 25 अप्रैल. बटालियन एनसीसी सागर के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 162 आर्मी केंट ढाना में 26 अप्रैल तक संचालित किया जा रहा है, जिसमे 488 एनसीसी कैडेट्स एवं 04 एनसीसी अधिकारी भाग ले रहे है.**



शिविर के दौरान एनसीसी कैडेटों को एनसीसी गतिविधियों के अलावा खेलकूद के बाद व्यक्तिगत साफ-सफाई और नैतिक एवं प्रेरणादायक विषयों के बारे में व्याख्यान दिया जा रहा है. एनसीसी सागर ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर विकास बहुगुणा द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया, एनसीसी कैडेटों द्वारा गार्ड आफ आनर दिया गया एवं कैंप के दौरान आयोजित की जा रही गतिविधियां के संबंध में जानकारी ली. इस दौरान एनसीसी कैडिटों को एकता और अनुशासन का महत्व समझाया. निरीक्षण के दौरान ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर विकास बहुगुणा ने स्पोर्टस शूटिंग, टीएससी कैम्प और आरडीसी कैम्प में भाग लेने हेतु एनसीसी कैडिटों को प्रेरित किया. निरीक्षण के दौरान कैम्प कमांडेंट कर्नल दुष्यंत शर्मा द्वारा आभार माना. निरीक्षण के दौरान ट्रेनिंग ऑफिसर ले. कर्नल अकिंत जादौन भी मौजूद रहे.



# प्याऊ का शुभारंभ किया गया

नवभारत न्यूज

**सागर 25 अप्रैल. अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद के मरु देवी संभाग की चंद्र प्रभु शाखा द्वारा कटरा में प्याऊ का शुभारंभ कर राहगीरों के लिए जल सेवा शुरू की गई.**

केन्द्रीय संरक्षिका निधि जैन, प्रांतीय उपाध्यक्ष मंजू जैन एवं ममता जैन, संध्या रांधेलिया, शिवानी सिंघई, अर्चना खाद, साधना जैन, पूजा सिंघई, शाखा अध्यक्ष ऋचा शाह, सचिव नीना शाह, नीतू जैन, सरोज जैन, शालिनी जैन ने क्रार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की.

# किताबें जीवन का पथ-प्रदर्शक होती हैं, विद्यार्थी इनसे दोस्ती करना सीखें : कुलपति प्रो. ठाकुर

## अंडरस्टैंडिंग द आईपीआर बास्केट विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया

नवभारत न्यूज

**सागर 25 अप्रैल. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी में विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के उपलक्ष्य में फ्रॉम माइंड टू मार्केट: अंडरस्टैंडिंग द आईपीआर बास्केट विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया.**



पुस्तकालय भवन के सामने मुक्ताकाश परिसर में सामूहिक पुस्तक का वाचन भी किया गया. इस आयोजन में कुलपति प्रो. वाय एस ठाकुर, कुलसचिव डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय, उपकुलसचिव सतीश कुमार सहित कई शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की. मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने कहा कि पुस्तकें पढना एक अच्छी आदत है. आज नई तकनीक के युग में लोग किताबों से दूर होते जा रहे हैं. आज भले ही तकनीक ने मोबाइल और कंप्यूटर पर सभी ज्ञान सामग्री उपलब्ध करा दी हो लेकिन किताबों का कोई विकल्प नहीं है. पुस्तकें हमारी मित्र की तरह होती हैं. उन्होंने कहा कि हैरी पॉटर जैसी पुस्तक दुनिया में सबसे ज्यादा पढ़ी जाने वाली पुस्तकों में शामिल हुई. यह रिकॉर्ड यह बताता है कि पुस्तकों का महत्व अभी भी बना हुआ है. उन्होंने कहा की उपन्यास, कहानी की पुस्तकें न केवल हमें आनंद प्रदान करती हैं बल्कि हमारे पढ़ने की रूचि को जाग्रत करती हैं. यह हमें समय के इतिहास और घटनाओं से भी परिचय करती हैं. हमारी सृजनशीलता और कल्पनाशीलता को बढ़ाती हैं. पुस्तकालय को इसीलिये ज्ञान का भंडार कहा जाता है. उन्होंने विद्यार्थियों को किताबों से दोस्ती करने की सलाह देते हुए कहा कि किताबें जीवन का पथ-प्रदर्शक होती हैं, विद्यार्थी इनसे दोस्ती करना सीखें.

मुख्य वक्ता आई सी ए एस टी के प्रमुख डॉ. शिवराम बी. एस. ने बताया कि कैसे अपने मौलिक विचारों को कानूनी सुरक्षा प्रदान कर उन्हें व्यावसायिक सफलता में बदला जा सकता है. उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा मानव मस्तिष्क की रचनाओं का प्रतिनिधित्व करती है, और ऐसी रचनाओं की सुरक्षा नवाचार को बढ़ावा देने, स्वामित्व सुनिश्चित करने और व्यावसायीकरण को सक्षम बनाने के लिए आवश्यक है. उन्होंने बौद्धिक संपदा को एक विचार या रचना के रूप में बौद्धिक संपदा अधिकार के तहत प्रदान की जाने वाली कानूनी सुरक्षा के रूप में परिभाषित किया. संचालन और स्वागत संबोधन पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. मोहन टीए द्वारा किया गया. इस दौरान ड्राइंग, डिजाइनिंग और ओपन बुक रीडिंग जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुईं. प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कुलपति एवं अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया.

# सुरखी में विकास और विश्वास का अटूट रिश्ता : श्री राजपूत

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 25 अप्रैल. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने ग्राम घाटमपुर, सगौरिया, अर्जना, बरौदा रहली, बंसिया एवं बेरसला ग्रामों का दौरा कर विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया.**

इस दौरान उन्होंने कहा कि सुरखी में विकास और विश्वास का मजबूत रिश्ता स्थापित हुआ है, जिसके चलते आज गांव-गांव में बदलाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि पहले जिन सुविधाओं की कल्पना केवल शहरों तक सीमित थी, आज वे गांवों में भी उपलब्ध हो रही हैं, सड़कों का जाल, पेयजल योजनाएं, भवन निर्माण एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से ग्रामीण जीवन स्तर में व्यापक सुधार आया है.



### जो कभी सपना था आज हकीकत बन चुका

मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि क्षेत्र के छोटे-छोटे गांवों में भी अब पक्की सड़कें, स्वच्छ पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहुंच रही हैं. उन्होंने कहा कि जो कभी सपना था, आज वह हकीकत बन चुका है। हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के प्रयास लगातार जारी हैं, जिससे लोगों का जीवन आसान हुआ है. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि भारत आज वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है. वहीं, मध्यप्रदेश में डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में विकास कार्यों को गति मिली है, जिससे प्रदेश तेजी से प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है. उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है, जिससे आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो रहा है. मंत्री श्री राजपूत ने किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है.

सुरखी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को नई गति देते हुए विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं प्रगति कार्यों की समीक्षा की गई. ग्राम पंचायत घाटमपुर, बंसिया, बरौदरसली, समाशिया एवं अन्य क्षेत्रों में सड़क, नाली, पेयजल, सामुदायिक भवन और शैक्षणिक भवनों, सीसी रोड एवं नाली निर्माण, चबूतरा निर्माण, पेयजल टंकी, पाइपलाइन विस्तार, स्कूल भवन, आंगनवाड़ी, सामुदायिक भवन और मंगल भवन का करोड़ों रुपये के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया. इस अवसर पर सुखदेव मिश्रा, मोनू मोकलपुर, नरबदा सिंह, सरवन सिंह, अरूण गौतम, बुंदेल सिंह, राजकुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, भोलेराजा, कमलेश पांडेय, प्रेमसींग, राजेंद्र सिह ठाकुर मौजूद थे.

### 100 में से 100 अंक

**सागर.** सीबीएसई कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणामों में सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा आर्या साहू ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए न केवल 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक विषय में 100 में से 100 अंक अर्जित कर पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है. आर्या की इस उपलब्धि में उनके माता-पिता की भूमिका सबसे अहम रही है. आर्या के पिता श्रगिरधारी लाल साहू और माता श्रीमती कृष्णा साहू दोनों ही पेशे से शिक्षक हैं. एक शिक्षक परिवार होने के नाते घर में बचपन से ही शिक्षा और अनुशासन का माहौल रहा.



# चित्रगुप्त प्रकट उत्सव मनाया, निकली शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

**बीना 25 अप्रैल. जवाहर वार्ड स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भगवान श्री चित्रगुप्त प्रकट उत्सव मनाया गया.**




उत्सव की शुरुआत सुबह राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा की गई. प्रभात फेरी मंदिर पहुंची जहां भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और मंगल आरती उतारी. दोपहर में भगवान चित्रगुप्त का दुग्ध, दही, शहद और पवित्र जल से महाअभिषेक किया गया. इसके पश्चात मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई. यात्रा थाने के पीछे से होते हुए सर्वोदय चौक, स्टेशन रोड और लिंक रोड से गुजरी. सांस्कृतिक कार्यक्रम शोभायात्रा का समापन बिलैया गार्डन में हुआ, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. वक्ताओं ने भगवान चित्रगुप्त के जीवन दर्शन और उनके विचारों पर प्रकाश डाला. महिलाओं की विशेष भागीदारी कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से प्रशंसनीय रही. सुबह की प्रभात फेरी से लेकर शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम तक, महिलाओं ने हिस्सा लिया. बच्चों ने भी भजनों और नृत्य की प्रस्तुतियां दीं. महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया.

### मटकों से बुझ रही प्यास

**ललितपुर.** घंटाघर स्थित सदर चौकी के बाहर पिछले कई वर्षों से निशुल्क जल सेवा अनवरत जारी है. हरि महादेव की कृपा और भक्तों के सहयोग से यहां रखे 31 मटकों से प्रतिदिन हजारों राहगीर अपनी प्यास बुझाते हैं. सेवा समिति के हरीमोहन चौरसिया ने बताया कि साल 1995 में महाशिवरात्रि पर हरि महादेव के नाम से यह प्याऊ शुरू की थी, तब से अनवरत रूप संचालित है. सुबह 5 बजे 31 मटकों में ताजा-ठंडा अनेक लोग सेवाएं दे रहे है. गर्मी में दिन में चार बार पानी बदलते हैं. चौकी के पास होने से यहां बस यात्री, ऑटो चालक, कोर्ट-कचहरी आने वाले लोग बड़ी संख्या में पानी पीते हैं. रोजाना औसतन 2500 से 3000 लोग यहां पानी पीते हैं.


# कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./नामा.शा./न.नि./2025-26/02 — -:: सूचना ::- — सागर दिनांक : 23/4/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/ दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2241/25-26 | अंबेडकर | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | सुमनदेवी पति भागचंद अहिरवार | यश पिता राकेश जैन |
| 2. | 2242/25-26 | तिली | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | पुष्पा पति रामचरण प्रजापति | प्रियंका पति प्रकाशचंद सोनी |
| 3. | 2243/25-26 | मोतीनगर | रजि.वसीयत,मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र | स्व. उमाबाई पति स्व. हरप्रसाद साहू | दिलीप कुमार पिता बलराम साहू |
| 4. | 2244/25-26 | काकागंज | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | अतुल पिता स्व. चंद्रबिहारी तिवारी | श्री देवगोपाल मंदिर ट्रस्ट अधिकृतः विजय कुमार पिता महेंद्र प्रताप तिवारी उमाशंकर पिता हजारीलाल साहू |
| 5. | 2245/25-26 | तिली | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | अमित पिता शिवशंकर घोषी | दीपा पति जगदीश चौरसिया |
| 6. | 2246/25-26 | विट्ठलनगर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | गोकल पिता भोले उर्फ भोलेराम पटैल | पिंकी पति भरत कुमार अहिरवार |
| 7. | 2247/25-26 | शास्त्री | रजि. हकत्याग, शपथ पत्र | विमलाबाई पति स्व.ताराचंद एवं वीरेंद्र, सुषमा, मनोज, संजय सभी पिता स्व. ताराचंद जैन | मंजू पति स्व.ताराचंद जैन |
| 8. | 2248/25-26 | सूबेदार | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | धर्मदास पिता लालजू सोनकर | भारती पति गनेश कुमार सोनी |
| 9. | 2249/25-26 | अंबेडकर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | सुदामा प्रसाद अहिरवार पिता निर्भय सिंह | रश्मि पति अनिल अहिरवार |
| 10. | 2250/25-26 | शास्त्री | हकत्याग, रजि.बैनामा, शपथ पत्र | घासीराम पिता खेमचंद जैन | संतोष कुमार पिता स्व. खेमचंद जैन |

कृते आयुक्त नगर पालिक निगम सागर

# न्यायालय तहसीलदार सागर नगर जिला सागर

आम सूचना

रा.प्र.क्र. 0058 अ/6 वर्ष 200-27
मौजा- सागर खास
पटवारी हल्का नंबर-66

श्रीमति दीपशिखा मिश्रा पति अतुल मिश्रा निवासी गोपालगंज वार्ड सागर तहसील जिला सागर (म.प्र.)
............आवेदक

बनाम

1. अनिल कुमार नाबा पिता रामप्रसाद बली नाना परमानंद
2. अरविन्द कुमार नामा पिता रामप्रसाद बली नाना परमानंद
3. सहदेव प्रसाद पिता जैराम
4. दोप्तीबाई बेवा अवधेश कुमार
5. रामनारायण पिता श्रीराम द्वारा कारंदाआम रामसुन्दर पिता पिता भोलाराम शुक्ला सभी निवासी गोपालगंज वार्ड सागर तहसील व जिला सागर (म.प्र.)

...............अनावेदकगण

जरिये सूचना पत्र में आप अनावेदकगण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति दीपशिखा मिश्रा पति अतुल मिश्रा निवासी गोपालगंज वार्ड सागर तहसील व जिला सागर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदिका की माँ श्रीमति शकुंतला पांडे पुत्री श्री गजाधर प्रसाद पांडे निवासी गोपालगंज वार्ड सागर द्वारा मौजा मौजा सागरखास पटवारी ह.न. 65 स्थित भूमि ख.न.488/2 में से रकवा 1250 पंजीकृत बैनामा दिनांक 24.06.1982 के माध्यम से विक्रेता/ अनावेदक क्र. 1 एवं 2 से क्रय किए जाने एवं क्रेता शकुंतला पांडे पुत्री श्री गजाधर पांडे द्वारा उक्त भूमि आवेदिका/वसीयतग्रहीता श्रीमति दीपशिखा पति अतुल मिश्रा निवासी गोपालगंज वार्ड सागर को वसीयत किये जाने से वसीयतनामा दिनांक 28.02.2013 के आधार पर आवेदिका का नाम दर्ज किये जाने बावत् आवेदन सहदस्तावेजों सहित न्यायालय में पेश किया है। अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में आपको कोई आपत्ति हो तो आप पेशी दिनांक 30.04.2026 को स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत करे। बाद सूचना उपस्थित न होने पर आप अनावेदकगण के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

आज दिनांक 13.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

पेशी दिनांक : 30.04.2026
जारी दिनांक : 13.04.2026

तहसीलदार
सागर नगर